**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 भाुक्रवार** **दिनांक 06.10.2023**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए नई दिल्ली में ली पर्यवेक्षकों की बैठक।

2– कांकेर में हुआ नगरीय निकाय और पंचायती राज महासम्मेलन–जिले के लिए आठ सौ छियासठ करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का किया गया लोकार्पण और भूमिपूजन।

3– राज्य सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में बीस से अधिक नये धान उपार्जन केंद्र खोलने की अनुमति प्रदान की।

4– आकाशवाणी के अंशकालिक संवाददाताओं की जोनल कार्यशाला आज हैदराबाद में आयोजित की गई–छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के संवाददाता हुए शामिल।

**निर्वाचन आयोग–बैठक**

भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव सुचारू रूप से कराने के लिए रणनीति तय करने के संबंध में नई दिल्ली में आज अपने पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार तथा चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पांडे और अरूण गोयल ने सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। ये पर्यवेक्षक चुनाव के दौरान चुनावी प्रक्रिया की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ सहित राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं।

इस बीच, आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनांदगांव के कलेक्टोरेट परिसर में दीप जलाकर लोगों को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, जिला पुलिस ने थाना कोतवाली, बसंतपुर, सोमनी, ओपी चिखली क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला।

**संवाददाता–कार्यशाला**

आकाशवाणी के अंशकालिक संवाददाताओं की जोनल कार्यशाला आज हैदराबाद में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के संवाददाताओं ने भाग लिया। कार्यशाला का शुभारंभ आकाशवाणी की प्रधान महानिदेशक डॉक्टर वसुधा गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान आकाशवाणी के सभी संवाददाता आकाशवाणी की परंपरा के अनुसार संतुलित, निष्पक्ष और प्रमाणिक कवरेज करें। उन्होंने कहा कि देशभर में आकाशवाणी खबरों की अपनी विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है। डॉक्टर वसुधा गुप्ता ने कहा कि आकाशवाणी मूलरूप से रेडियो माध्यम होने के साथ ही बदलते समय में विभिन्न सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर भी काफी सक्रिय हो गया है।

इस अवसर पर आकाशवाणी के छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के कार्यक्रम प्रमुख, समाचार प्रमुख और कार्यक्रम अधिशासी समन्वय भी उपस्थित थे।

**पंचायती राज महासम्मेलन**

कांकेर में आज नगरीय निकाय और पंचायती राज महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर जिले के लिए आठ सौ छियासठ करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। वहीं, उन्होंने पांच युवकों को रोजगार प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही "पुरखती कागजात" और "ताना बाना" पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि एक समय था जब जनप्रतिनिधियों की संख्या बहुत कम थी, जिससे छोटे–छोटे कार्यों के लिए दिल्ली या रायपुर जाना पड़ता था, लेकिन पंचायती राज लागू होने के बाद

लोकतंत्र गांवों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इससे यह लाभ हुआ कि गांव के विकास के लिए गांव के प्रतिनिधि ही निर्णय कर पा रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य पावर कम्पनियों में एक अप्रैल दो हजार चार और उसके बाद नियुक्त लगभग दस हजार कर्मियों के लिए नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन लागू करने की घोषणा की। वहीं, मुख्यमंत्री ने पुलिस उप निरीक्षकों के पदों पर पदोन्नति अब तैंतीस प्रतिशत से बढ़ाकर चालीस प्रतिशत करने का ऐलान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने कृषि महाविद्यालय पखांजूर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नाम पर करने की घोषणा की। वहीं, उन्होंने कहा कि हल्बी, गोंडी, सरगुजिहा, भतरा जैसी स्थानीय बोलियों में पढ़ाई कराई जाएगी, जिसके लिए इन भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति भी की जाएगी।

**बस्तर–देवगुड़ी–मातागुड़ी–लिपिबद्ध**

बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा देवगुड़ियों और मातागुड़ियों को संरक्षित तथा संवर्धित करने की दिशा में विशेष पहल करते हुए इनका जीर्णोद्धार करने के साथ ही उन्हें संवारने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत देवगुड़ियों और मातागुड़ियों को लिपिबद्ध किया जा रहा हैं। वहीं, तीन हजार चार सौ से अधिक देवगुड़ियों और मातागुड़ियों को सामुदायिक वनाधिकार प्रदान किया गया है। इसके अलावा छह हजार चार सौ से अधिक एकड़ भूमि देवगुड़ी और मातागुड़ी के नाम से संरक्षित की गई है। इन धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थानीय जनजातीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित भी की जा रही है।

**नवीन धान खरीदी केन्द्र**

राज्य सरकार ने किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए खरीफ विपणन वर्ष के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में नये धान उपार्जन केंद्र खोलने की अनुमति प्रदान की है। इस संबंध में खाद्य विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

जारी आदेश के अनुसार राजनांदगांव जिले के देवकट्टा और संबलपुर में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाएंगे। वहीं, सक्ती जिले के नन्दौर खुर्द, महासमुंद के बोडराबांधा और आमगांव, मुंगेली के औराबांधा, बलरामपुर के डुमनपान में नवीन धान उपार्जन केन्द्र की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह, कोण्डागांव जिले के बड़े ओड़गांव, कुएमारी और नवागांव तथा गरियाबंद जिले के पीपरछेड़ी और कांकेर जिले के बंडापाल व बेलगाल में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोले जाएंगे।

इसके साथ ही मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के मुरारगोटा, बीजापुर जिले के चेरपाल, खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई जिले के ठेलकाडीह, दंतेवाड़ा जिले के बड़े गोडरे व अरनपुर, रायगढ़ जिले के बटुराकछार, कटाईपाली सी, सरगुजा जिले के बोदा, मंगारी और बेलजोरा में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है।

**पंचायत सचिव–वेतनमान**

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों के संशोधित वेतन संरचना तथा अन्य सुविधाओं की स्वीकृति के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों के स्वीकृत वेतनमान के संबंध में पन्द्रह वर्ष से कम सेवा अवधि वाले ग्राम पंचायत सचिवों को तीन हजार पांच सौ से दस हजार रूपए और ग्यारह सौ ग्रेड वेतन के साथ ही चार हजार रूपए विशेष भत्ता दिया जाएगा। वहीं, पन्द्रह वर्ष से अधिक सेवा अवधि वाले ग्राम पंचायत सचिवों को पांच हजार दो सौ से बीस हजार दो सौ रूपए तथा चौबीस सौ ग्रेड वेतन के साथ ही तीन हजार रूपए विशेष भत्ता दिया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत सचिवों को प्रति वर्ष पच्चीस दिन अर्जित अवकाश और बारह दिन आकस्मिक अवकाश की पात्रता रहेगी। यह आदेश 01 अक्टूबर से प्रभावशील हो गया है।

**राज्य स्तरीय युवा उत्सव**

नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा रायपुर के ग्राम धनेली स्थित रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आज समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय थे। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की उन्नति के लिए युवाओं का आगे बढ़ना अत्यंत आवश्यक है।

नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक श्रीकांत पांडेय ने बताया कि इस महोत्सव में जिला स्तर पर हुए भाषण, कविता लेखन, चित्रकारी, मोबाइल फोटोग्राफी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत

प्रदेश के एक सौ छियालीस विकासखण्डों के लगभग दो हजार पांच सौ युवा प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर प्रतिभागी युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
कार्यक्रम के दौरान विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो और यूनिसेफ द्वारा केन्द्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई।

**आईईडी–बरामद**

सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने दो आईईडी बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बड़ेसेट्टी और चिंतलनार कैम्प से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और जिला पुलिस बल के जवान सर्चिंग अभियान के लिए निकले थे। इसी दौरान बगड़ेगुड़ा और इत्तापारा के पास माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुंचान के इरादे से लगाए गए दो आईईडी बरामद किए गए, जिन्हें बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही नष्ट कर दिया।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **'पीएम विश्वकर्मा योजना पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एम.एस.एम.ई., रायपुर के संयुक्त निदेशक राजीव एस. नायर** से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल सात अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**आवास ऋण–अनुदान**

राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग ने 'श्री ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना' के लिए पत्रकारों से आवेदन लेना शुरू कर दिया है। योजना के अंतर्गत तीस लाख रूपए तक के आवास ऋण के लिए पांच प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज अनुदान पांच वर्षों तक दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद से खरीदे गए मकान पर प्रभावशील होगी। योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर दिया जाएगा तथा क्रय किया जाने वाला मकान छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर होना चाहिए।

**संक्षिप्त समाचार**

– आज स्वामी आत्मानंद की जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानंद ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस की भावधारा को छत्तीसगढ़ की जमीन पर साकार किया और मानव सेवा तथा शिक्षा संस्कार की अलख जगाई।

– राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा अधिनियम दो हजार तेईस के तहत 'छत्तीसगढ़ मीडिया स्वतंत्रता, संरक्षण और संवर्धन समिति' का गठन किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी दिनेश कुमार श्रीवास्तव को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

– छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने राजनांदगांव जिले के लाल बहादुर नगर में पचासवें निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ किया।

– राज्य सरकार के अधिकारी–कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा की तिथि 29 जनवरी 2024 से 05 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। सभी संभाग के आयुक्त द्वारा नियत स्थानों पर विभागीय परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिलों से विभागीय परीक्षा में बैठने के लिए इच्छुक विभागीय अधिकारी–कर्मचारी 29 दिसम्बर 2023 तक संभागायुक्त कार्यालय में आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>